web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 20 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-25


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

# रावण दहन के दौरान कुचलती चली गई ट्रेन, अब तक 52 लोगों की मौत

## रेलवे ने दिये जांच के आदेश, पंजाब सरकार अलग से करायेगी जांच, सैकड़ों लोग घायल





अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर के निकट शुक्रवार की शाम को रावण दहन देखने के दौरान रेल की पटरी पर खड़े लोगों के ट्रेन की चपेट में आने से से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई जबकि 72 अन्य घायल हो गए. ट्रेन जालंधर से अमृतसर आ रही थी तभी जोड़ा फाटक पर यह हादसा हुआ. रेलवे ने इस पुरी घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किये हैं वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पृथक से मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी सहित सभी दलों के नेताओं ने भी इस दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

मौके पर कम से कम 300 लोग मौजूद थे जो पटरियों के निकट एक मैदान में रावण दहन देख रहे थे. अमृतसर के प्रथम उपमंडलीय मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने बताया कि 52 शवों को बरामद किया गया है और कम से कम 72 घायलों को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### अमृतसर रेल हादसे में प्रशासन ने कहा- 20 शवों की पहचान नहीं हो पाई है, हमें मीडिया की मदद की जरूरत

अधिकारियों ने बताया कि रावण दहन और पटाखे फूटने के बाद भीड़ में से कुछ लोग रेल की पटरियों की ओर बढ़ने लगे जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर रावण दहन देख रहे थे. उन्होंने बताया कि उसी वक्त दो विपरीत दिशाओं से एक साथ दो ट्रेनें आई और लोगों को बचने का बहुत कम समय मिला.

उन्होंने बताया कि एक ट्रेन की चपेट में कई लोग आ गए. इस घटना के बाद से ही मौके पर चीख पुकार मच गई, बदहवास लोग अपने करीबियों को तलाशने लगे. क्षत-विक्षत शव घटना के घंटों बाद भी घटनास्थल पर ही पड़े थे क्योंकि नाराज लोग प्रशासन को शव हटाने नहीं दे रहे थे.

कई शवों की पहचान भी नहीं हो सकी. जमीन पर क्षत-विक्षत शव पड़े हुए थे. लोगों ने स्थानीय विधायक नवजोत कौर सिद्धु के खिलाफ नारेबाजी की जो रावण दहन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर वहां मौजूद थीं.

इस घटना के बाद परेशान लोगों ने अपने दिल दहलाने वाले अनुभव साझा किये. एक गमगीन महिला ने कहा, ''मैंने अपना नाबालिग बेटा खो दिया. मुझे मेरा बेटा लौटा दो .'' एक स्थानीय शख्स ने कहा, ''कई बार हमनें अधिकारियों और स्थानीय नेताओं से कहा कि इस मुद्दे को रेलवे के साथ उठाएं कि दशहरे के दौरान फाटक के पास ट्रेनों की गति को कम रखा जाए, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं सुनी.''

एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि पटाखों के शोर की वजह से लोगों को आ रही ट्रेन की आवाज नहीं सुन सकी.

इस घटना के बाद देश भर में शोक की लहर फैल गई. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है. मोदी ने अधिकारियों को तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिये हैं. मोदी ने ट्वीट में कहा, अमृतसर में ट्रेन हादसे से बेहद दुखी हूं. यह दुख भरी घटना दिल दहलाने वाली है.

उन्होंने कहा, ''मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने परिजन को खोया है और मैं घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. जरूरतमंद लोगों को तत्काल सहायता पहुंचाने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है. कोविंद ने कहा, पंजाब के अमृतसर में रेल की पटरी पर हुए हादसे की खबर सुनकर दुखी हूं. मैं समझता हूं कि भारतीय रेलवे और स्थानीय अधिकारी प्रभावित लोगों को मदद पहुंचा रहे होंगे. पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को अमृतसर ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए पांच लाख रूपये मुआवजे की घोषणा की और कहा कि वह राहत एवं बचाव अभियान के व्यक्तिगत निरीक्षण के लिए मौके पर जा रहे हैं.

### अमृतसर रेल हादसा : रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, इन नंबरों पर करे फोन

नई दिल्ली। रेलवे ने अमृतसर में ट्रेन हादसे के पीड़ितों के परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. अधिकारियों ने बताया कि 01832223171 और 01832564485 नंबरों पर फोन करके हादसे के बारे में जानकारी ली जा सकती है. मनावला स्टेशन का फोन नंबर 0183-2440024, 0183-2402927 और फिरोजपुर का हेल्पलाइन नंबर 01632-1072 है. आपको बता दें कि पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार की शाम एक भीषण हादसा हो गया. रावण दहन देख रहे लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए. घायलों में कई की हालत गंभीर है. इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और त्योहार के दिन देशभर में लोग गमगीन हैं. अमृतसर के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने कहा कि 50 शव बरामद कर लिए गए हैं और करीब 50 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेल परिचालन प्रभावित, आठ ट्रेनें रद्द और पांच का रूट बदला

**अमृतसर रेल हादसा**

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर दशहरा मेला देख रहे लोगों पर डीएमयू ट्रेन चढ़ने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद रेल परिचालन भी प्रभावित हुआ है। अमृतसर और मनावाला के बीच हुए इस हादसे के बाद आठ ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और पांच गाड़ियों का रूट बदला गया है।

### पीएम मोदी ने दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता को मंजूरी दी

**अमृतसर ट्रेन हादसा**

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृतसर के पास रावण दहन के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मारे गए लोगों के परिजनों के लिये दो-दो लाख रूपये जबकि घायलों के लिये 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता को मंजूरी दी है. एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी.

### हिरासत में लिया गया ट्रेन का ड्राइवर, लाइनमैन से भी पूछताछ

**अमृतसर रेल हादसा**

अमृतसर (आरएनएस)। दशहरे को मौके पर पंजाब के अमृतसर में रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर रावण-दहन देख रहे लोगों पर ट्रेन दौड़ जाने से हुए दर्दनाक हादसे में 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है तो वहीं 70 से ज्यादा घायल हैं। इस मामले में अब ट्रेन के ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की गई है। इस हादसे में रेलवे ने भी अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि उन्हें आयोजन की सूचना नहीं थी और उनकी गलती नहीं है। जोड़ा फाटक क्षेत्र के लाइनमैन से भी रेलवे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### ब्रिटेन में किशोरियों के यौन उत्पीड़न में 22 को जेल

लीड्स (आरएनएस)। उत्तरी इंग्लैंड में दर्जनभर से अधिक किशोरियों के दुष्कर्म और उत्पीड़न में 22 लोगों को जेल की सजा सुनाई गई है, जिनमें से अधिकतर पाकिस्तानी है। डॉन के मुताबिक इस साल तीन ट्रायल्स में हडर्सफील्ड के इन लोगों को दोषी ठहराया गया।

### अफगानिस्तान में भारी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान में तालिबान की धमकियों से विचलित हुए बिना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को संसदीय चुनावों के लिए मतदान शुरू हो गया है।

### कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक जेल से रिहा

लंदन (आरएनएस)। एक कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक को शुक्रवार को ब्रिटेन की जेल से रिहा कर दिया गया। आईएस के समर्थन में उपदेश देने की वजह से उसे साढ़े पांच साल की सजा सुनाई गई थी। सजा आधी होने पर ही उसे रिहा कर दिया गया। 51 साल के अंजेम चौधरी हाई सिक्यॉरिटी बेलमार्श जेल से रिहा कर दिया गया, लेकिन उस पर नजर रखने का निर्देश भी दिया गया है।

### स्वामी परिपूर्णानंद बीजेपी में शामिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बीजेपी दक्षिण के योगी आदित्यनाथ माने जाने वाले फायरब्रैंड स्वामी परिपूर्णानंद पर दांव लगाने जा रही है।

## कर्नल संग्राम सिंह भाटी का निधन, पीओके आतंकी कैंप में रहते हुए आतंकियों पर सर्जिकल स्ट्राइक को दिया अंजाम

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली स्थित सेना के रिसर्च एंड रेफरल हॉस्पिटल में शनिवार को कर्नल संग्राम सिंह भाटी का निधन हो गया। कर्नल भाटी के निधन की खबर सुनकर केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर से लेकर उनके करीबी मित्र तक दुखी हैं। किसी को यकीन नहीं हो पा रहा कि कर्नल भाटी अब उनके बीच नहीं हैं। कर्नल भाटी को पीलिया हो



गया था और उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जानिए कौन थे कर्नल भाटी और कैसे उन्होंने पीओके में घुसकर लश्कर के आतंकियों को मारा था। कोवर्ट ऑपरेशंस के मास्टर, शनिवार को तड़के 3.30 मिनट पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। कर्नल भाटी शौर्य चक्र विजेता थे और अपने साहसिक मिशन की वजह से वह कई लोगों के आदर्श हैं। कर्नल संग्राम सिंह भाटी एक पैराट्रूपर थे और 10 पैरा के सीओ भी रह चुके थे, जिसे 'रेगिस्तान का मुस्तफा' भी कहा जाता है।

## ब्रिटेन में होगी विजय माल्या की कारों की नीलामी

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन में प्रवर्तन अधिकारी यहां जल्द ही शराब कारोबारी विजय माल्या की कारों के बेड़े की नीलामी करेंगे। भगोड़ा घोषित कर दिए गए कारोबारी माल्या से 13 भारतीय बैंकों के बकाया कर्जों की वसूली की कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। बैंकों के वकीलों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। विधि कंपनी टीएलटी एलएलपी ने ब्रिटेन में इस संबंध में मई में एक बड़ी सफलता हासिल की थी। उस वक्त ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने भारतीय बैंकों के पक्ष में फैसला देते हुए कहा था कि वे बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइन के प्रमुख रहे माल्या और अन्य संबद्ध ईकाइयों से 1.14 अरब पाउंड की वसूली करने के हकदार हैं। इस विधि कंपनी ने कहा कि 62 वर्षीय माल्या की छह कारों की बिक्री की जाएगी। पिछले सप्ताह ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने इस बारे में प्रवर्तन आदेश दिया है। माल्या की जिन कारों की बिक्री की जानी है उनमें 2016 की मिनी कंट्रीमैन, 2012 की माइबैक 62, 2006 की फेरारी एफ 430 स्पाइडर, 2014 की रेंज रोवर ऑटोबायॉग्रफी सुपरचार्जड, फेरारी एफ 512 एम और एक पॉर्शे केयेनी शामिल हैं।

## आज होगा जम्मू-कश्मीर की शहरी सरकार का फैसला

**नगर निकाय चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी**



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में 13 साल बाद हुए निकाय चुनाव के मतदान के बाद अब शनिवार को वोटों की गिनती शुरू हो गई है। चार चरणों में संपन्न हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर शनिवार को वोटों की गिनती कराई जा रही है। मतगणना संपन्न होने के बाद जम्मू और श्रीनगर के नगर निगम समेत कुल 79 नगर निकायों के चुनाव परिणाम का फैसला हो जाएगा। शुरुआती परिणामों में अब तक बडगाम जिले के तमाम वॉर्ड में कांग्रेस उम्मीदवारों को जीत मिली है, जबकि कश्मीर के कई अन्य इलाकों में भी कांग्रेस के पक्ष में रुझान दिख रहा है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में बीते दिनों चार चरणों में हुए चुनाव के दौरान 79 नगर निकायों में कुल 3372 प्रत्याशियों के लिए मतदान कराया गया था। चार चरणों में हुए इस चुनाव का अंतिम चरण 16 अक्टूबर को संपन्न हुआ था, इससे पहले चुनाव आयोग ने 20 अक्टूबर को मतगणना की तारीख तय की थी। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार को होने वाली मतगणना के लिए राज्य भर में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 10 हजार जवानों की तैनाती की गई है। शनिवार को घोषित होने वाले परिणामों के मद्देनजर कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में खास तैयारियां की जा रही हैं। निकाय चुनाव के परिणामों में करीब 13 साल बाद जम्मू और श्रीनगर नगर निगम के लिए महापौर भी चुना जाना है, ऐसे में इन चुनावों में उतरने वाले दो प्रमुख दल बीजेपी और कांग्रेस इन सीटों पर अपनी विजय के दावे कर रहे हैं।

## स्कूली कर्मचारी 37 बच्चों के यौन शोषण के संदेह में गिरफ्तार

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको में एक किंडरगार्टन स्कूल के एक कर्मचारी को 37 बच्चों के यौन उत्पीड़न के संदेह में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने जारी बयान में कहा कि संदिग्ध रैमन एम. के खिलाफ साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उस पर तीन साल की बच्ची का उत्पीड़न करने के साक्ष्य मिले थे।

यह गिरफ्तारी इकाटेपेक में हुई। वहीं, शिक्षा विभाग ने ऐलान किया कि एजी कार्यालय और परिजनों के प्रतिनिधियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक, 22 अक्टूबर से किंडरगार्टन के पूरे स्टाफ को बदला जाएगा।

विभाग ने कहा, इस पर भी सहमति बनी कि स्कूल का नया स्टाफ मापदंड़ों पर खरा उतरना चाहिए। किंडरगार्टन के बारे में पहली शिकायत आठ अक्टूबर को आई थी, जब एक माता-पिता ने शिकायत की थी कि उनके बच्चे का यौन उत्पीड़न हुआ है।

## असम, अरुणाचल में बाढ़ का अलर्ट, सुषमा ने सोनवाल से की बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। चीन में भूस्खलन की वजह से यार्लंग सांगपो नदी की मुख्यधारा का प्रवाह रुका हुआ है। इस वजह वहां बनी एक कृत्रिम झील अरुणाचल प्रदेश और असम के लिए



बहुत बड़ा खतरा बन गई है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

तमाम आपातकाली सेवाएं किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए तैयार हैं। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने असम के सीएम सर्बानंद सोनवाल से बात कर उन्हें सभी संभावित उपाय करने को कहा है। सीएम ऑफिस के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम सोनवाल ने धीमजी, डिब्रूगढ़, लखीमपुर और तिनसुकिया जिले को किसी भी आपदा को रोकने के लिए अलर्ट रहने को कहा है। यार्लंग सांगपो नदी भारत के अरुणाचल प्रदेश में घुसने के बाद सियांग और असम में प्रवेश करने के बाद ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाती है। इसमें बाढ़ की आशंका के मद्देनजर जिला प्रशासन, डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए) और सभी दूसरे संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। कोलकाता से नैशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स की 6 टीमों के भी पहुंचने की तैयारी है। इन्हें जरूरत के मुताबिक संबंधित जिलों में भेजा जाएगा। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने शुक्रवार रात असम के सीएम सोनवाल से बात की है।